# डिजिटल ड्रीमर्स उपकरण उपयोगकर्ता अनुबंध स्कूल वर्ष 23-24

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट अकादमिक वर्ष (स्कूल वर्ष 2023-2024) के दौरान उपयोग के लिए प्री-K – 12वीं ग्रेड के विद्यार्थियों को Chromebook आवंटित करेगा। Chromebooks DCSD (DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट) की संपत्ति रहेंगी और डिस्ट्रिक्ट से निकलने और/या वर्ष के अंत में कलेक्शन की प्रक्रिया के दौरान उन्हें वापस लौटाया जाना चाहिए।

माता-पिता और छात्रों को इस दस्तावेज़ के दिशानिर्देशों को पढ़ने, हस्ताक्षर करने और उनका पालन करने, व्यवहार और प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ-साथ सभी स्कूल, कक्षा और स्कूल की डिस्ट्रिक्ट नीतियों और प्रक्रियाओं के बारे में जानने की आवश्यकता है।

संपर्क व्यक्ति: यदि आपके पास कोई प्रश्न या चिंता है तो कृपया कर के अपने स्कूल प्रशासन से संपर्क करें।

**Chromebook अनुबंध**

उपकरण प्राप्त करना

उपकरण जारी करने से पहले माता-पिता व विद्यार्थियों को इस समझौते पर हस्ताक्षर कर वापस लौटा देना चाहिए।

उपकरण वापस करना

उपकरणों को स्कूल वर्ष के अंत में स्कूल को वापस कर दिया जाएगा। DCSD द्वारा प्रदान किए गए उपकरणों का उपयोग हस्तांतरणीय नहीं है और जब कोई विद्यार्थी इसे जारी करने वाले स्कूल में दाखिल नहीं रहता है तो इसे समाप्त कर दिया जाता है।

वे विद्यार्थी जिनका किसी कारणवश स्कूल से स्थानांतरण होता हो, स्कूल छोड़ देते हों, निष्कासित किए गए हों, या जिनके नामांकन की अवधि समाप्त हो गई हो उन्हें छोड़ने/समय समाप्ति की तिथि पर अपने उपकरण वापस लौटा देने चाहिए।

कोई भी विद्यार्थी जो यह डिवाइस वापस लौटाने में असमर्थ होता है उसे डिवाइस और किसी भी एक्सेसरीज़ के बदले $454.23 तक का भुगतान करना पड़ेगा।

नुकसान और क्षति

यदि उपकरण विद्यार्थी को जारी करने की अवधि के दौरान कोई क्षति होती है, खो जाता है, या चोरी हो जाता है, चाहे जानबूझकर या लापरवाही के कारण, तो वह विद्यार्थी और विद्यार्थी के माता-पिता/अभिभावक इस दस्तावेज़ में उल्लिखित जुर्माने का भुगतान करने के जिम्मेदार होंगे।

लापरवाही

यदि उपकरण एक ही स्कूल वर्ष के दौरान एक से अधिक बार क्षतिग्रस्त होता है, तो डिस्ट्रिक्ट प्रशासन आगे की कार्यवाही का निर्धारण करेगा, जिसके तहत Chromebook का $454.23 तक का पूर्ण प्रतिस्थापन करना पड़ेगा।

उपकरण का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग

डिस्ट्रिक्ट द्वारा जारी उपकरणों के सभी उपयोगकर्ताओं को डिस्ट्रिक नीति व संचालन दिशानिर्देश *IFBGA* में उल्लिखित अपेक्षाओं का अनुसरण करना चाहिए: *एंटरप्राइज़ नेटवर्क, JD का जिम्मेदारी से उपयोग: विद्यार्थी अनुशासन/विद्यार्थी आचरण संहिता,* और *JS: विद्यार्थी जुर्माना, शुल्क व प्रभार।* इन अपेक्षाओं का अनुसरण करने में असफल रहने की स्थिति में विद्यार्थी पर उपयुक्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। डिस्ट्रिक्ट की सभी नीतियाँ www.dekalbschoolsga.org पर उपलब्ध हैं।

स्कूल के क्षेत्र से बाहर होने पर माता-पिता / अभिभावक छात्र द्वारा उपकरण के उपयोग की निगरानी के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। विद्यार्थी किसी भी समय, किसी भी स्थान पर उपकरण के साथ अनुचित व्यवहार का प्रदर्शन, या इसके द्वारा प्रतिबंधित सामग्रियों का उपयोग नहीं कर सकते हैं। स्कूल क्षेत्र के बाहर या अंदर यदि छात्र अनुचित गतिविधियों के लिए उपकरण का उपयोग करते हैं, तो छात्रों पर अनुशासनात्मक और / या कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

गोपनीयता

डिस्ट्रिक्ट द्वारा जारी किए गए उपकरण DCSD की संपत्ति हैं। इसलिए, उपकरण पर किया गया कुछ भी निजी नहीं है। इसका अर्थ है कि DCSD के कर्मचारी कभी भी जिला द्वारा प्रदान किए गए किसी भी उपकरण को जब्त करके उसकी जांच कर सकते हैं। खो जाने या चोरी होने की स्थिति में, Chromebook को निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट बच्चों की ऑनलाइन गोपनीयता सुरक्षा अधिनियम (COPPA), बच्चों की इंटरनेट सुरक्षा अधिनियम (CIPA), और पारिवारिक शिक्षा अधिकार और गोपनीयता अधिनियम (FERPA) के सभी पहलुओं को मान्यता देता है।

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट विद्यार्थी के घरेलू नेटवर्क, उपकरणों या इंटरनेट कनेक्शन की निगरानी नहीं करता है। डिस्ट्रिक्ट द्वारा जारी किए गए उपकरणों के उपयोग की निगरानी जिला करता है। इसके अलावा, DCSD उपकरण के नुकसान या चोरी होने की स्थिति में डिस्ट्रिक्ट द्वारा जारी किए गए उपकरणों के लोकेशन को ट्रैक करता है।

एप्लीकेशंस

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट ने प्रमुख एप्लीकेशंस पर शोध किया है जो प्रत्येक डिवाइस पर प्रीइंस्टॉल्ड होंगे। पूरा वर्ष, शिक्षा में सहायता के लिए अतिरिक्त एप्लीकेशंस की संख्या को बढ़ाया जा सकता है। DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट एप्लीकेशंस की खरीदारी और इंस्टॉलेशन के लिए जिम्मेदार होगा।

<u>स्कूल के अधिकृत अधिकारी के अलावा कोई भी व्यक्ति जिला द्वारा जारी उपकरण में न तो एप्लिकेशन जोड़ सकता है न हटा सकता है</u>। उपकरणों की "जेल ब्रेकिंग" (छेड़छाड़) और हैकिंग की अनुमति नहीं है।

उपकरण की क्षति, नुकसान या चोरी के लिए जुर्माना

यदि किसी भी कारण से विद्यार्थी को जारी उपकरण और या एक्सेसरी खो जाती है, चाहे जानबूझकर या लापरवाही से, तो विद्यार्थी और माता-पिता/अभिभावक निम्नलिखित फीस देने के ज़िम्मेदार होंगे:

Chromebook/Chromebook डिवाइसों की एक्सेसरी का रिप्लेसमेंट

| | |
|---|---|
| खोया / चोरी / क्षतिग्रस्त, जिसकी मरम्मत नहीं की जा सके | • $454.23 |
| क्षतिग्रस्त- मरम्मत योग्य | • यह निर्धारित करने के लिए कि यह मरम्मत के योग्य है या नहीं, क्षतिग्रस्त उपकरणों का मूल्यांकन DCSD टीम के द्वारा किया जाएगा। यदि क्षतिग्रस्त उपकरण मरम्मत करने योग्य नहीं हो तो पूर्ण प्रतिस्थापन शुल्क लगेगा। ऊपर देखें। |
| केवल एक्सेसरीज | • Acer Spin511, 311 और 712 पॉवर एडाप्टर $41.00<br>• Acer Chrome Tab 10 पॉवर एडाप्टर $41.00<br>• Chromebook गम ड्रॉप केस $15.42 |

**उपकरणों की पूर्ण प्रतिस्थापन लागत में उपकरण के साथ सारे एक्सेसरीज, सॉफ्टवेयर लाइसेंस और सेटअप शामिल हैं।*

चोरी:

यदि उपकरण छात्र को जारी किए जाने के दौरान चोरी होता है, तो छात्र और माता-पिता / अभिभावक को इसके लिए जिम्मेदार माना जाएगा:

- स्कूल प्रशासन को सूचित करना
- पुलिस रिपोर्ट दर्ज करना
- पूर्ण प्रतिस्थापन शुल्क देना

स्कूल से स्थानांतरण / निकासी पर उपकरण या एक्सेसरीज वापस करने में विफलता:

कोई विद्यार्थी जो डिस्ट्रिक्ट से ट्रांसफर लेता है या छोडकर जाता है और उपकरण या किसी भी एक्सेसरी को नहीं लौटाता है, उसे Chromebook और गम ड्रॉप केस के लिए $454.23 (पूर्ण प्रतिस्थापन शुल्क) का भुगतान करना पड़ेगा।

## माता-पिता की अनुमति और विज्ञप्ति

इस अनुबंध पर हस्ताक्षर करके, आप इंगित करते हैं कि आपने इस दस्तावेज़ में जारी दिशानिर्देशों को पढ़ा और समझा है और अपने विद्यार्थी को उपकरण प्रदान किए जाने को स्वीकार करते हैं। आप समझते हैं कि Chromebook DCSD की संपत्ति है और इसे जिला छोड़ने और/या वर्ष संग्रह प्रक्रिया के दौरान वापस ले लिया जाएगा। आप समझते हैं कि अपनी देखभाल में आपका छात्र उपकरण और एक्सेसरी की क्षति, हानि या चोरी के लिए जिम्मेदार है, और इस दस्तावेज़ में उल्लिखित जुर्माने से आप सहमत हैं।

आप समझते हैं व सहमत हैं कि, स्कूल के बाहर विद्यार्थी द्वारा उपकरण और किसी भी वायरलेस नेटवर्क के माध्यम से प्राप्त सामग्री के उपयोग की निगरानी की एकमात्र जिम्मेदारी आपकी होगी। आप समझते हैं कि विद्यार्थियों द्वारा स्कूल के भीतर या उससे बाहर अनुचित या प्रतिबंधित गतिविधियों के लिए उपकरण का उपयोग किए जाने की स्थिति में उनपर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

आप और आपके विद्यार्थी इस बात से सहमत हैं कि DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट जानबूझकर या गैर-इरादतन दुरुपयोग, दुर्व्यवहार, छेड़छाड़, हैकिंग या विकृति से उपकरणों की हुई क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं है। कोई भी विद्यार्थी, जो DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट के इंटरनेट स्वीकार्य उपयोग समझौते का अनुपालन नहीं करता है, स्थानीय स्कूल प्रशासन द्वारा लगाए गए अनुशासनात्मक कार्रवाइयों के अधीन होगा। विद्यार्थी द्वारा नियमों का उल्लंघन करने पर भी पहुंच संबंधी विशेषाधिकारों का निलंबन या समाप्ति के अतिरिक्त उपयुक्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

माता-पिता/अभिभावक का नाम

(कृपया प्रिंट करें) ______________________________________________

माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर: ______________________________ दिनांक: __________

# विद्यार्थी अनुबंध और हस्ताक्षर

1. मैं अपने स्कूल द्वारा जारी उपकरण का ध्यान रखूंगा।
    a. क्षति से बचाने के लिए तार और केबल को उपकरण में ध्यानपूर्वक लगाया जाना चाहिए।
    b. उपकरण को कभी भी खुले लॉकर, कार या किसी भी निगरानी रहित क्षेत्र में नहीं छोड़ा जाना चाहिए।
    c. किसी भी सॉफ्टवेयर / हार्डवेयर मुद्दों की रिपोर्ट स्टूडेंट हेल्पडेस्क पोर्टल - इंसिडेंट IQ के माध्यम से करें।
    d. उपयोग में न होने पर उपकरण को अच्छी तरह से संरक्षित, तापमान नियंत्रित वातावरण में रखें।
2. मैं कभी भी किसी अन्य व्यक्ति को मेरे स्कूल द्वारा जारी उपकरण इस्तेमाल करने नहीं दूंगा/दूंगी।
3. मैं अपने उपकरण को खाद्य और पेय पदार्थों से दूर रखूंगा/रखूंगी।
4. मैं अपने या स्कूल द्वारा जारी किए गए डिवाइस के किसी भी हिस्से को अलग, जेल ब्रेक या हैक नहीं करूंगा/करूंगी।
5. मैं अपने डिवाइस में कोई भी मरम्मत करने का प्रयास नहीं करूंगा/करूंगी।
6. मैं स्कूल द्वारा जारी किए गए अपने उपकरण को दिए गए बैग में रखकर सुरक्षित रखूंगा/रखूंगी।
7. मैं अपने स्कूल द्वारा जारी उपकरण का उपयोग उन्हीं तरीकों से करूंगा/करूंगी जो कि उचित हों और मेरे स्कूल की अपेक्षाओं को पूरा करते हों - चाहे स्कूल, घर में या अन्य किसी स्थान पर। यदि मैं अनुचित तरीके से अपने उपकरण का उपयोग करता हूं तो मैं स्कूल द्वारा की गई अनुशासनात्मक कार्रवाइयों का भागी रहूंगा/रहूँगा।
8. मैं स्कूल द्वारा जारी किए गए उपकरण की सजावट (जैसे, स्टिकर, मार्कर, आदि) नहीं करूंगा/करूंगी। मैं स्कूल द्वारा जारी किसी भी उपकरण पर क्रम संख्या वाले स्टिकर को खराब नहीं करूंगा/करूंगी।
9. मैं समझता/समझती हूं कि स्कूल द्वारा जारी उपकरण बिना किसी सूचना के किसी भी समय निरीक्षण और ऑडिट के अधीन है। मेरे द्वारा उपकरण पर <u>कोई भी नहीं</u> निजी काम नहीं किया जाता है।
10. मैं अपने स्कूल शिक्षक या किसी वयस्क या अपने माता-पिता/अभिभावक के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के साथ अपना पासवर्ड साझा नहीं करूंगा/करूंगी।
11. मैं समझता हूं कि Chromebook DCSD की संपत्ति हैं और इसे संग्रह प्रक्रिया के दौरान जिला छोड़ने और/या स्कूल के शैक्षणिक वर्ष के अंत में संग्रह प्रक्रिया के दौरान वापस किया जाना चाहिए।
12. मैं समझता/समझती हूँ कि अगर मैं अपने उपकरण को नुकसान पहुंचाता हूं या खो देता हूं, या यह चोरी हो जाता है, तो मैं उपकरण के बदलने की लागत के अधीन हूं।

मैं उपकरण उपयोगकर्ता अनुबंध और विद्यार्थी अनुबंध में निर्धारित नियमों से सहमत हूं।

विद्यार्थी का नाम (कृपया प्रिंट करें): ____________________________________________

विद्यार्थी के हस्ताक्षर: ________________________________________ दिनांक: ________